1. उम्र सीमा :–

अभ्यर्थी के उम्र सीमा की गणना दिनांक–01.08.2024 के आधार पर की जाएगी। अभ्यर्थी की उम्र कल्याण व्यवस्थापक संवर्ग नियमावली–2024 एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय लिपिकीय सवंर्ग (भर्त्ती एवं सेवा शर्त्त) नियमावली के आलोक में उपर्युक्त पद पर नियुक्ति हेतु अधिकतम उम्रसीमा 57 वर्ष होगी।

**आयोग द्वारा Matriculation/ भूतपूर्व सैनिक के Discharge Book (सेवा–पुस्तिका)/पेंशन पेमेन्ट ऑर्डर/Ex-Serviceman Identity Card में अंकित उम्मीदवार की जन्मतिथि मान्य की जायेगी।**

2. परीक्षा की प्रकृतिः– **वस्तुनिष्ठ**

**बिहार कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा संचालन नियमावली–2010 के आलोक में 40 (चालीस हजार) से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रारंभिक परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है। विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुये तैयार की जाएगी।**

**प्रारंभिक परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी। प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कोटिवार उपलब्ध रिक्तियों के 05 (पाँच) गुणा संख्या के बराबर अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा के लिए किया जाएगा। मुख्य परीक्षा हेतु अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।**

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह विभाग (आरक्षी शाखा) के पत्रांक–365, दिनांक–20.02.2025 के आलोक में प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय होंगे। कुल प्रश्नों की संख्या 50. होगी। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 04 अंक दिये जायेंगे एवं गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जायेंगे। परीक्षा की अवधि 01 घंटा की होगी। प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में कोई भिन्नता होगी, तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे।

परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम :–

**प्रारंभिक परीक्षाः प्रारंभिक परीक्षा में एक पत्र होगा, जो दो भागों में विमक्त होगा। भाग–1 से 25 प्रश्न एवं भाग–2 से 25 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसकी विवरणी निम्नवत् हैः–**

**भाग–1**

| | |
|---|---|
| (क) सामान्य ज्ञान | – 05 प्रश्न। |
| (ख) सामान्य विज्ञान | – 05 प्रश्न। |
| (ग) गणित | – 10 प्रश्न। |
| (घ) कम्प्यूटर | – 05 प्रश्न। |

**भाग–2**

| | |
|---|---|
| (क) अंग्रेजी | – 25 प्रश्न। |

**सिलेबसः– प्रारंभिक परीक्षा सिलेबस निम्न प्रकार से हैः–**

**भाग–1**

**खंड (क) सामान्य ज्ञान** :– संभवतः भारतीय सेना लिपिक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी परीक्षा का एक ऐसा अनुभाग है, जिसमें अध्ययन का सबसे विशाल क्षेत्र है। भारतीय सेना लिपिक के लिए भारत के साथ–साथ इसके पड़ोसी देशों के इतिहास, संस्कृति, भूगोल, अर्थव्यवस्था और अन्य पहलुओं से संबंधित प्रश्न शामिल हैं। प्रश्न संक्षिप्त रूप, खेल, पुरस्कार, शब्दावली, किताबें और लेखक और समसामयिक मामलों से आते हैं। सशस्त्र बलों, महाद्वीपों और उपमहाद्वीपों, आविष्कारों और खोजों से संबंधित जीके समान रूप से महत्व रखता है।

**खंड (ख) सामान्य विज्ञान** :– सामान्य विज्ञान में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान से संबंधित विषय शामिल होते हैं। दिन प्रतिदिन की गतिविधियों से संबंधित प्रश्न, यानी जीवित और निर्जीव के बीच अंतर और जीवन–कोशिकाओं, प्रोटोप्लाज्म और ऊतकों आदि की मूल बातें। हमारा भारतीय सेना निम्नवर्गीय लिपिक लिखित परीक्षा, विकास, प्रजनन और मानव शरीर के बुनियादी ज्ञान को शामिल करता है। हालाँकि, अन्य शाखाओं से भी प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

